CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 05-06-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 06-05-2026 00:05 Color:

रामभद्राचार्य बोले, रामराज तब जब भारत बने निर्यातक

■ **लखनऊ:** *पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि रामराज्य केवल धार्मिक अवधारणा नहीं, बल्कि आदर्श प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्था का मॉडल है। उनके अनुसार रामराज का मूल भाव 'सब नर करहिं परस्पर प्रीति' है, जहां हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करे और किसी के अधिकारों का हनन न हो। आर्थिक दृष्टि से रामराज वह है, जहां भारत आत्मनिर्भर और निर्यातक राष्ट्र बने, न कि आयात पर निर्भर। इन दिनों वह सीतापुर रोड स्थित ब्रज की रसोई में रामकथा सुना रहे हैं। इस दौरान दीपेंद्कुर सक्सेना ने स्वामी रामभद्राचार्य से संन्यासियों का राजनीति में प्रवेश, संस्कृत को रोजगार परक बनाने और मंदिरों में वीआईपी व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर बात की। पेश हैं उनसे बातचीत के कुछ अंश :*



पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने **संन्यासियों के राजनीति में आने के सवाल** पर उन्होंने कहा कि सन्यासी का मूल धर्म साधना और समाज को संस्कारित करना है। राजनीति करना नहीं, बल्कि उसे दिशा देना उसका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जैसे संत अपवाद हैं, जो राजनीति की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन हर कोई ऐसा नहीं हो सकता।

एआई और तकनीक के सवाल पर उन्होंने कहा कि तकनीक उपयोगी है, लेकिन वह हर प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकती। वास्तविक ज्ञान के लिए मूल ग्रंथों और गुरुजनों का सानिध्य आवश्यक है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने चरित्र, सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम और राष्ट्रसेवा को जीवन का आधार बनाने की सलाह दी। उनका मानना है कि रामचरितमानस को 'राष्ट्र ग्रंथ' और हिंदी को 'राष्ट्रभाषा' का दर्जा मिलना चाहिए।

मंदिरों में **वीआईपी दर्शन व्यवस्था का विरोध** करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के दरबार में सभी समान हैं और वीआईपी संस्कृति समाप्त होनी चाहिए। संस्कृत को रोजगारपरक बनाने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इसे केवल पूजा-पाठ की भाषा मानना गलत है। संस्कृत विज्ञान, प्रबंधन और भाषाविज्ञान जैसे क्षेत्रों में व्यापक अवसर प्रदान कर सकती है। इसके लिए चित्रकूट में 'संस्कृत गुरुकुलम' की स्थापना की जा रही है।

विकसित भारत की परिकल्पना पर उन्होंने कहा कि 2047 का **भारत 'सोने की चिड़िया' नहीं, बल्कि 'सोने का सिंह' होना चाहिए** मतलब समृद्ध, आत्मनिर्भर और शक्तिशाली। वहीं गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग पर उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति में पहले से ही 'विश्व माता' के रूप में सम्मानित है और देश में गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए।

बच्चे को जन्मजात बीमारी से मिला छुटकारा

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ने अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की मदद से 11 वर्षीय बच्चे की दुर्लभ जन्मजात बीमारी कोलेडोकल सिस्ट का सफल इलाज कर एक और उपलब्धि हासिल की है। बीमारी में पित्त नलिका असामान्य रूप से फैल जाती है, जिससे लीवर और पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कानपुर निवासी गौरव लंबे समय से इस बीमारी से पीड़ित था। उसका कई अस्पतालों में इलाज हुआ लेकिन फायदा न हुआ। 5 मई को उसे केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया। बीमारी की जटिलता सामने आने पर विभागाध्यक्ष प्रो. जेडी. रावत और उनकी टीम ने रोबोटिक सर्जरी का निर्णय लिया। 26 मई को सफल ऑपरेशन किया गया।

KGMU में रोबोटिक सर्जरी से मिला नया जीवन

कोलेडोकल सिस्ट क्या है? : प्रो. जेडी रावत ने बताया कि कोलेडोकल सिस्ट पित्त नलिकाओं की एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी है। इसके उपचार में असामान्य पित्त नलिका को हटाकर लीवर से आंत तक पित्त के प्रवाह के लिए नया मार्ग बनाया जाता है। रोबोटिक तकनीक के कारण बेहद छोटे चीरे लगाकर अधिक सटीकता के साथ सर्जरी संभव हुई। इससे दर्द और रक्तस्राव कम होता है तथा मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाता है। टीम में प्रो. जेडी रावत, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. कृति पटेल और डॉ. कृतिका शामिल रहीं। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. आयुषी बग्गा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नर्सिंग स्टाफ में रीता, संजय और रिंकेश ने सहयोग किया। सर्जरी के बाद बच्चे की रिकवरी बेहतर रही और 4 जून को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

ईद-ए-गदीर पर सजीं महफिलें

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** ईद-ए-गदीर की पूर्व संध्या पर राजधानी में अकीदत और खुशी का माहौल देखने को मिला। अकीदतमंदों ने नन्ह दिलाई, नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। वहीं रौजा-ए-काजमैन में गदीर अकादमी की ओर से आयोजित ऑल इंडिया महफिल-ए-मकासिदा जश्न-ए-ऐलान-ए-गदीर में देशभर के शायरों ने अशआर पेश कर महफिल को यादगार बना दिया। महफिल की अध्यक्षता इरफान के अयातुल्लाह शेख बशीर नजफी के भारत में प्रतिनिधि सैयद जामिन जाफरी ने की। उन्होंने कहा कि भारत और इराक के रिश्ते सदियों पुराने हैं और दोनों देशों के बीच धार्मिक व सांस्कृतिक संबंध हमेशा मजबूत रहे हैं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि गदीर के मैदान में पैगंबर मोहम्मद साहब ने सिर्फ अपने जानशीन का ऐलान नहीं किया था, बल्कि मोहब्बत, इंसाफ और सही राह का संदेश भी दिया था। महफिल में देश के विभिन्न शहरों से आए शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इनमें फखरी मेरठी, बेताब हल्लौरी और नायाब हल्लौरी, आजम सुल्तानपुरी, कयूर सुल्तानपुरी, वाराणसी की इरम बनारसी, और वसी अब्बास लखनवी शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक एजाज जैदी थे, जबकि संचालन नायर मजीदी ने किया।

देशभर के शायरों ने पेश किए कलाम

'महतारी शब्द में निहित है वात्सल्य'

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** सीतापुर रोड स्थित ब्रज की रसोई परिसर में उत्सव संस्था की ओर से आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन गुरुवार को जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही बताया कि महतारी शब्द में जो भाव निहित है, वह मम्मी और मदर पुकारने में नहीं आता है। कथा प्रवाचक ने अवध की लोक संस्कृति की महिमा बताते हुए कहा कि महतारी शब्द मातृत्व की गरिमा और अटूट वात्सल्य का अद्भुत प्रतीक है। आयोजन में अशोक अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता और सुधीर हलवासिया सहित कई व्यक्तियों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। मीडिया प्रभारी डॉ. एसके गोपाल ने बताया कि शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे।

SPOTLIGHT

pfrda

NPS इनसाइट्स

रिटायरमेंट प्लानिंग क्यों महत्वपूर्ण है?

a. रिटायरमेंट प्लानिंग आर्थिक रूप से सुरक्षित और आत्मनिर्भर सेवानिवृत्ति सुनिश्चित करने में मदद करती है।
b. नियमित आय बंद होने के बाद होने वाले खर्चों के लिए पहले से तैयारी करने का अवसर देती है।
c. बढ़ती महंगाई और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों का सामना करने में सहायक होती है।
d. लंबे समय तक नियमित बचत करने की आदत विकसित करती है।
e. जल्दी निवेश शुरू करने पर चक्रवृद्धि का अधिकतम लाभ मिलता है।
f. नियमित बचत समय के साथ एक बड़ा रिटायरमेंट फंड (कॉर्पस) तैयार करने में मदद करती है।

रिटायरमेंट प्लानिंग की शुरुआत जल्दी करना क्यों फायदेमंद है?

a. लंबी समयावधि का बड़ा लाभ मिलता है। जल्दी शुरुआत करने से चक्रवृद्धि ब्याज से निवेश कई गुना बढ़ सकता है।
b. शुरुआती योजना महंगाई के प्रभाव को कम करने और रिटायरमेंट के बाद भी मनचाही जीवनशैली बनाए रखने में मदद करती है।
c. लंबी निवेश अवधि बाजार की वृद्धि का लाभ उठाने के अधिक अवसर प्रदान करती है।

2,000 प्रति माह निवेश की शक्ति

विवरण	अभी निवेश करें	बाद में शुरू करें और इंतजार करें	
निवेश शुरू करने की आयु	25 वर्ष	35 वर्ष	45 वर्ष
निवेश अवधि	35 वर्ष	25 वर्ष	15 वर्ष
कुल निवेश	₹8.4 लाख	₹6.0 लाख	₹3.6 लाख
रिटायरमेंट कॉर्पस	₹59.2 लाख	₹33.2 लाख	₹7.6 लाख

- 25 वर्ष की आयु में निवेश शुरू करने वाला व्यक्ति, समान मासिक निवेश के बावजूद, 45 वर्ष की आयु में शुरुआत करने वाले व्यक्ति की तुलना में लगभग 8 गुना बड़ा रिटायरमेंट कॉर्पस बना सकता है।
- रिटायरमेंट प्लानिंग में समय सबसे बड़ी पूंजी है। इसलिए जल्दी शुरुआत करना, बाद में अधिक राशि निवेश करने की तुलना में अक्सर अधिक प्रभावी साबित होता है।

सस्फाइबर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (एसईपीएफ) पहल, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

चिकित्सा शिक्षा प्रकोष्ठ, क.रा.बी. निगम, मुख्यालय
Medical Education Cell, ESIC, Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI - 110 002
Email: dmc-dl@esic.gov.in, mecell.hq@esic.gov.in

प्रवेश सूचना-2026-27

शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु "बीमाकृत व्यक्ति के वार्ड के लिए आवंटित सीट" के तहत क.रा.बी. निगम शिक्षण संस्थानों और कुछ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में यूजी (एम.बी.बी.एस / बी.डी.एस. / बी.एस.सी. नर्सिंग) पाठ्यक्रम में "बीमित व्यक्ति के वार्ड के लिए" प्रवेश– गतिविधियों की संशोधित अनुसूची।

इस कार्यालय की प्रवेश सूचना दिनांक 30.04.2026 के क्रम में, विभिन्न गतिविधियों की संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार हैं:–

"वार्ड ऑफ आईपी सर्टिफिकेट" हेतु आवेदन करने के लिए ईएसआईसी वेबसाइट पर लिंक का सक्रियण (खोला जाना)	30.04.2026
"वार्ड ऑफ आईपी सर्टिफिकेट" हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	21.06.2026 (23:59 बजे)
संबंधित ईएसआईसी क्षेत्रीय/उप–क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा "वार्ड ऑफ आईपी सर्टिफिकेट" जारी करने की अंतिम तिथि	24.06.2026

हस्ता/–
उप चिकित्सा आयुक्त (एमई)

बैंक ऑफ इण्डिया
Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालय: "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोन: 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9 (1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और ज़मानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने बंधक अचल सम्पत्तियां जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा है', 'जो है', 'जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईमदी / दस्तावेज जमा करने की अनिम तिथि दिनांक 24.06.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई–नीलामी की तिथि एवं समय 25.06.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
	शाखा: आरिज वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मोः 9415389015		
1.	**1. मेसर्स निक्षिप्ता ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी), प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोप्राइटर सुश्री निक्षिप्ता अग्रवाल पत्नी श्री धीरज अग्रवाल,** खसरा संख्या 326 पी, मुस्तफीपुर, आईआईएम रोड, लखनऊ–226021 (उ.प्र.) **2. श्रीमती निक्षिप्ता अग्रवाल (प्रोप.) पत्नी श्री धीरज अग्रवाल** मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, ज्ञानकीपुरम योजना, ज्ञानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109 / 5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), **3. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल** फ्लैट संख्या ए 1 / 6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम, आईआईएम रोड, महर्षि विश्वविद्यालय के पास, मिटौली खुर्द, लखनऊ–226020 (उ.प्र.), और 109 / 5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), **4. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल,** मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, ज्ञानकीपुरम योजना, ज्ञानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109 / 5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), और फ्लैट संख्या 404, चतुर्थ तल, ब्लॉक–बी, गोयल एन्क्लेव, फेज–4, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ–226028 (उ.प्र.) (ज़मानतकर्ता–बंधककर्ता) **मांग सूचना की तिथि: 25.06.2025, बकाया धनराशि: ₹ 2,26,12,817.77** (नोटिस दिनांक तक बकाया) +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित दुकान/हॉल सं. 01 मकान नं. 529 / 597 पर निर्मित, प्रथम तल, स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, वार्ड महानगर, जिला लखनऊ, **क्षेत्रफल 109.665 वर्ग मीटर, स्वामी: श्रीमती मीना सिंघल पत्नी: श्री हरीश चंद्र सिंघल, चौहद्दी: पूर्व**–लिफ्ट एवं सीढ़ी की जगह, **पश्चिम**–खुली पार्किंग एवं उसके बाद रोड, **उत्तर**–दुकान / हॉल सं. 2, प्रथम तल, **दक्षिण**– ओम प्रकाश मौर्य का प्लाट / मकान **(कब्जा–भौतिक)**	₹ 61,20,000/–
2.	**ऋणी: मेसर्स लाला फतेह चंद्र हरीश चंद्र एंड संस,**पता– 24, कुलभास्कर कॉम्प्लेक्स जी बी मार्ग लखनऊ–226018 **प्रोपराइटर–श्रीमती मीना सिंघल पत्नी श्री हरीश चंद्र सिंघल,** पता:1–108 / 53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–226018, पता:2– दुकान / हॉल सं. 01, मकान नंबर 529 / 597 पर बनाई, जो प्रथम तल स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, लखनऊ–226006 **ज़मानतकर्ता–श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री राज कुमार वर्मा,** पता–108 / 53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–261206 **मांग सूचना की तिथि: 25.05.2022, बकाया धनराशि: ₹ 62,12,906.92** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित फ्लैट फ्लैट संख्या 609, बी ब्लॉक, छठा तल, सिल्वर लाइन अपार्टमेंट, स्थित फ्लैट खसरा संख्या 332 एवं 333, ग्राम गणेशपुर, रहमानपुर, परगना, तहसील एवं जिला–लखनऊ, **क्षेत्रफल 118.49 वर्ग मीटर, श्री पंकज नेमानी एवं श्रीमती नीलिमा नेमानी के नाम पर चौहद्दी:**–**पूर्व**– कॉमन पैसेज, **पश्चिम:** खुला स्थान, **उत्तर:** खुला स्थान, **दक्षिण:** फ्लैट संख्या 601, बी ब्लॉक **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 58,50,000/– ₹ 5,85,000/–
3.	**1. श्री पंकज नेमानी पुत्र श्री सुशील प्रसाद नेमानी,** फ्लैट संख्या 609, छठा तल, सिल्वर लाइन अपार्टमेंट, ब्लॉक–बी, फैजाबाद रोड, लखनऊ–226019 (ऋणी / बंधककर्ता), **2. श्रीमती नीलिमा नेमानी पत्नी श्री पंकज नेमानी,** फ्लैट संख्या 609, छठा तल, सिल्वर लाइन अपार्टमेंट, ब्लॉक–बी, फैजाबाद रोड, लखनऊ–226019 (ज़मानतकर्ता / बंधककर्ता), **मांग सूचना की तिथि: 31.05.2024,** **बकाया धनराशि: ₹ 13,82,006.10** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित फ्लैट फ्लैट संख्या 609, बी ब्लॉक, छठा तल, सिल्वर लाइन अपार्टमेंट, स्थित फ्लैट खसरा संख्या 332 एवं 333, ग्राम गणेशपुर, रहमानपुर, परगना, तहसील एवं जिला–लखनऊ, **क्षेत्रफल 118.49 वर्ग मीटर, श्री पंकज नेमानी एवं श्रीमती नीलिमा नेमानी के नाम पर चौहद्दी:**–**पूर्व**– कॉमन पैसेज, **पश्चिम:** खुला स्थान, **उत्तर:** खुला स्थान, **दक्षिण:** फ्लैट संख्या 601, बी ब्लॉक **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 40,00,000/– ₹ 4,00,000/–
4.	**1. श्री मनीष सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता), पुत्र स्व. मार्कण्डेय सिंह,** टावर संख्या 1, फ्लैट संख्या 403, सीयर्स टावर, ओमैक्स हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ– 226010। **2. श्रीमती प्रीति सिंह (सह–ऋणी),** टावर संख्या 1, फ्लैट संख्या 403, सीयर्स टावर, ओमैक्स हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 **3. मेसर्स मार्कण्डेय ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी), प्रोप. मनीष सिंह के माध्यम से,** फ्लैट संख्या 403, सीयर्स टावर, ओमैक्स हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ– 226010 **4. श्री विकास सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह (मेसर्स मार्कण्डेय ट्रेडिंग कंपनी के ज़मानतकर्ता),** मकान संख्या ए–39, गंगा विहार कॉलोनी, विनहट, लखनऊ– 226010। **मांग सूचना की तिथि: 06.06.2024,** **बकाया धनराशि: ₹ 89,44,688.22** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित फ्लैट संख्या 403, चौथी मंजिल पर स्थित, सीयर्स टावर, ओमैक्स हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, **क्षेत्रफल 139.03 वर्ग मीटर, श्री मनीष सिंह के नाम पर चौहद्दी:**–**उत्तर:** कॉरिडोर, **दक्षिण:** खुला आसमान, **पूर्व:** खुला आसमान, **पश्चिम:** खुला आसमान **(कब्जा–सांकेतिक)**	₹ 1,00,00,000/– ₹ 10,00,000/–

नियम एवं शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिट के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें **i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com** अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम / मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को उपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट:–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरओ) से रु. 10,000/– (उपर होगी)।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांक: 03.06.2026 / 22.05.2026 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया



Bennett & Coleman
THE TIMES OF INDIA

NBT नवभारत टाइम्स

SUKOON by PARDOS | OKAS
Presents

HAPPY streets
OUR ROADS. OUR WAY.

Entry: FREE

Date: 7th June 2026 Sunday
Time: 6:00 am to 8:30 am.

Venue:
Sukoon by Pardos Okas,
Plot - GH3, Sector H, Sushant Golf City, Lucknow

Let's reclaim our roads with the Happy Streets - World Environment Day Edition

Supported by

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद | एनटीपीसी NTPC Northern Region Headquarters | abacus Lifestyle Brands Ltd | T.S. MISHRA UNIVERSITY | aqualens | CENTRAL ACADEMY | SOFY | CWC Logistics Driving Progress | यूनियन बैंक Union Bank | Amul

Activities

ON-STAGE ACTIVITIES: YOGA, ZUMBA, COMBINATION DANCE WORKOUT, MAGIC SHOW, GENERAL KNOWLEDGE QUIZZES AND EMCEE ENGAGEMENT ACTIVITIES.

OFF-STAGE ACTIVITIES: BADMINTON, FOOTBALL, HIT THE STUMPS, CARROM, ARCHERY, TURNBALL, HOOPLA, TUG OF WAR, CYCLING, SKATING, OBSTACLE RACES ETC.

KIDS ZONE: POTTERY, FACE PAINTING, PIN THE BALL, GUN SHOOTING, FEED THE CLOWN, DRAWING AND COLORING COMPETITIONS ETC.

Exciting Games. Amazing Giveaways

THE TIMES OF INDIA CHANGE Begins Here

/happystreets For Sponsorship Opportunities, please contact : 7355766802